सुनो हे वीरबली मेरे बजरंगबली

(शंकर सुवन केसरी नंदन,
संकट मोचन आप,
शंकर सुवन केसरी नंदन,
संकट मोचन आप,
लहरें समंदर लांघ जाएं,
लंका निशचल आप।)

तू पवन पुत्र है बंका,
तिहु लोक में बाजे डंका,
संदेह नहीं कोई शंका,
प्रार्थना.. सुनो हे वीरबली,
मेरे बजरंगबली.....

शिव शंकर भोले महादेव,
अवतारी तू,
सिया राम चन्द्र का पायक,
आज्ञाकारी तू,
हे संकट मोचन महावीर,
अरदास करूँ,
तेरी शरण पड़ा बालाजी,
तेरी आस करूँ,
विपदाएं दूर भगाओ,
सोई तकदीर जगाओ,
कृपा अपनी बरसाओ,
प्रार्थना.. सुनो हे वीरबली,
मेरे बजरंगबली.....

सोयोजन सागर,
एक छलांग में पार किया,
सीता माता को,
भगवन का उपहार दिया,
वन बाग़ उजाड़ दिया,
अक्षय को मारे तुम,
लंका को जला कितने,
दानव संहारे तुम,
छाती से प्रभु लगाए,
वाह रे अंजना के जाए,
यशगान तेरा सब गाएं,
प्रार्थना.. सुनो हे वीरबली,
मेरे बजरंगबली.....

लाने संजीवन पर्वत लेकर,

दौड़ पड़े,
मूर्छित भूमि पर पड़े,
लखन हुए लाल खड़े,
तुम अष्ट सिद्धि नव निधि के,
दाता कहलाते,
निर्बल निर्धन भक्तों पे,
अन्न धन बरसाते,
लहरी अरदास ये मेरी,
ये नाथ करो क्यों देरी,
जयकार करूँ मैं तेरी,
प्रार्थना.. सुनो हे वीरबली,
मेरे बजरंगबली.....

तू पवन पुत्र है बंका,
तिहु लोक में बाजे डंका,
संदेह नहीं कोई शंका,
प्रार्थना.. सुनो हे वीरबली,
मेरे बजरंगबली.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24667/title/suno-hey-veerbali-mere-bajrangbali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |